नव भारत
1934 से


5 काशी-तमिल संगमम सांस्कृतिक एकता का सूत्र


6 मौज-मस्ती में डूबा बाली का ब्रावा बीच


7 राशि स्वामित्व का सिद्धांत और लग्नेश की स्थिति


10 टिम डेविड को हैमस्ट्रिंग में आया खिंचाव

## एक नजर में



### हवाई यात्रियों की संख्या पहली बार डेढ़ करोड़ पार

**नयी दिल्ली.** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल नवंबर में सालाना आधार पर 6.92 प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 52 लाख 38 हजार पर पहुंच गयी. यह पहली बार है जब किसी एक महीने में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने हवाई यात्रा की है. इससे पहले अधिकतम आंकड़ा दिसंबर 2024 में दर्ज किया गया था जब एक करोड़ 49 लाख 28 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से नवंबर तक 11 महीने में कुल 15 करोड़ 26 लाख 35 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की है. यह पिछले साल की समान अवधि से 4.26 प्रतिशत अधिक है.

### समस्तीपुर मे एक करोड़ की विदेशी शराब जप्त

**समस्तीपुर.** बिहार मे समस्तीपुर जिले के मुसरीधरारी थाना क्षेत्र के लाटबसेपुरा गांव के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-28 पर उत्पाद विभाग की टीम ने कल रात छापा मारकर ट्रक पर लदा करीब एक करोड़ रुपये मुल्य का विदेशी शराब बरामद किया है. उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर विभाग की विशेष टीम ने जिले के लाटबसेपुरा स्थित एनएच 28 पर छापेमारी की और वहां शराब से लदे ट्रक को जब्त किया. सिंह ने बताया कि तलाशी लेने के बाद ट्रक से कुल 1015 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गई. जिसकी कुल मात्रा करीब 8 हजार 7 सौ 69 लीटर है.

### 5.24 करोड़ रुपये की एम्बरग्रीस जब्त, 3 गिरफ्तार

**कोल्हापुर.** कोल्हापुर में स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5.24 करोड़ रुपये मूल्य के 5.249 किलोग्राम एम्बरग्रिस को जब्त किया. इस मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने एक मोपेड और एक कार भी जब्त की है. विज्ञप्ति के अनुसार, एलसीबी टीम ने मिली सूचना के आधार पर पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर कनेरीवाड़ी गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट जाल बिछाया था. अभियान के दौरान तीन संदिग्धों की तलाशी ली तो उनके पास से 5 करोड़ 24 लाख 90 हजार रुपये मूल्य का एम्बरग्रिस मिला. वहीं जब्त वाहन की कीमत 3 लाख 71 हजार 500 रुपये आंकी गयी. इससे कुल जब्ती राशि 5 करोड़ 28 लाख 61 हजार 500 रुपये हुई. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जिले के संभाजी श्रीपति पाटिल (78) और अनिल तुकाराम महादिक (55) के रूप में हुई है. इनके अलावा एक अन्य की पहचान कर्नाटक के प्रमोद उर्फ पिंटू शिवाजी देसाई (48) के रूप में हुई है.

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए से नौकरियां और निर्यात बढ़ेंगे

## भारत संग एफटीए पर बोले लक्सन, आर्थिक फायदा गिनाया

**1.4 अरब भारतीय बाजार खुलेगा : न्यूजीलैंड पीएम**

**15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता**

**नई दिल्ली, 27 दिसंबर. भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता आखिरकार पूरी हो गई है। इस समझौते को दोनों देशों ने ऐतिहासिक करार दिया है।**

न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि भारत के साथ एफटीए से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और निर्यात व आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। यह समझौता दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते के आर्थिक प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा है कि इससे नौकरियों में इजाफा होगा और निर्यात व आय को नई मजबूती मिलेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किए गए एक संदेश में उन्होंने कहा कि यह समझौता 1.4 अरब भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच के द्वार खोलता है, जिससे न्यूज़ीलैंड की अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिलेगा। लक्सन ने बताया कि भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए उनके पहले कार्यकाल के प्रमुख वादों में से एक था, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि नौ महीनों में पूरी हुई यह वार्ता दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। एफटीए वार्ता औपचारिक रूप से 16 मार्च को शुरू हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग को मजबूती मिलेगी।



> उन्होंने लक्सन के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए इसे भारत-न्यूज़ीलैंड संबंधों के लिए एक अहम क्षण बताया। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इस एफटीए के तहत भारतीय निर्यात पर ड्यूटी समाप्त की जाएगी और अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता की गई है। इससे कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न-आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी। साथ ही आईटी, शिक्षा, वित्त, पर्यटन और प्रोफेशनल सेवाओं में भी भारत को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

### असम-गुजरात के दो दिन के दौरे पर शाह

**नई दिल्ली, 27 दिसंबर.** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को गुजरात और असम के दो दिन के दौरे पर जाएंगे जहां वह विभिन्न कायक्रमों में हिस्सा लेंगे. श्री शाह रविवार को सुबह अहमदाबाद में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे.

बाद में वह अहमदाबाद नगर निगम की ड्रेनेज पाइप लाइन का लोकार्पण करेंगे और साबरमती नदी परियोजना के कारण विस्थापित लोगों को भूमि आवंटन के प्रमाण पत्र बांटेंगे. वह युवा बिजनेस महासम्मेलन में हिस्सा लेंगे. सोमवार को वह असम के गुवाहाटी में स्वहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे.

# अटल जी के जन्मशती वर्ष में एमपी का अभ्युदय

## सतना को मिलीं विकास की बड़ी सौगातें : सीएम डॉ. यादव

**सतना, 27 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सतना के विकास में राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सतना को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है और आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा. मुख्यमंत्री शनिवार को सतना में स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट और शक्ति पीठ मां शारदा के धाम मैहर के कारण विशेष आध्यात्मिक महत्व रखता है. भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन आज भी समाज को प्रेरणा देता है. राज्य सरकार चित्रकूट में भव्य वनवासी रामलोक का निर्माण कर चित्रकूट धाम को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के लिए संकल्पित है.

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 652.54 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया तथा 12 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत

(शेष पेज 11 पर)



### पुजारी उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ आज

**उज्जैन.** पुजारी उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ 28 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कालिदास संस्कृत अकादमी के पं.सूर्यनारायण व्यास संकुल सभागृह में किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होना प्रस्तावित है. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी करेंगे. बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में तकनिकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल शामिल होंगे. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में देवालयों के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की जाएगी. इसकी अध्यक्षता पूर्व कुलपति महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी करेंगे. कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में देवालयों में विधि विधान एवं कर्मकांड पर वसई के वेद मूर्ति पं.धनंजय शास्त्री द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा. तृतीय सत्र में देव स्थानों के प्रशासन और प्रबंधन पर अपर कलेक्टर श्योपुर रुपेश उपाध्याय द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा. इसके पश्चात समापन सत्र आयोजित किया जाएगा.



# भाजपा नेता ने अलाव सेंक रहे 5 लोगों को कार से कुचला, 2 मरे

### गुस्साए लोगों ने शव रखकर एनएच-552 पर किया चक्काजाम, आरोपी को पुलिस द्वारा छोड़े जाने से नाराज थी भीड़



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 27 दिसंबर।** कस्बा पोरसा में शुक्रवार की शाम को भाजयुमो नेता दीपेन्द्र भदौरिया नि. शिकहरा द्वारा कार से कुचले गए 5 लोगों में से 2 की शनिवार को इलाज के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई। शनिवार की दोपहर 12 बजे जब मृतकों के शव पोरसा पहुंचें तो गुस्साए लोगों ने शवों को पोरसा कस्बे से करीब तीन किमी पहले एनएच-552 हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर दिया। भीड़ घटना को अंजाम देने वाले भाजयुमो नेता को पुलिस द्वारा पकड़ने के बाद रिहा किए जाने से आक्रोशित थी। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ चक्काजाम 5 घंटे तक चला।

### हादसे में घायल हुए 2 लोगों की हालत गंभीर


मृतक

भाजयुमो नेता दीपेन्द्र भदौरिया द्वारा कार से कुचले गए रामदत्त राठौर (65), अर्णव उर्फ अन्नू लक्षकार (11) कमलेश राठौर, गिर्राज राठौर और अभिषेक तोमर जख्मी हुए थे, जिला अस्पताल से रामदत्त राठौर, अर्णव उर्फ अन्नू लक्षकार को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया था, शनिवार सुबह ग्वालिर में दोनों की मौत हो गई। वहीं गिर्राज और अभिषेक का अभी इलाज चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।




**सीडब्ल्यूसी की बैठक** पार्टी इस कानून को वापस लेने के लिए लड़ती रहेगी : खरगे

# मनरेगा के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन करेगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली, 27 दिसंबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि मोदी सरकार ने गरीबों को दबाने और कुचलने के लिए मनरेगा को खत्म कर नया कानून बनाया है और इसके खिलाफ कांग्रेस 5 जनवरी से पूरे देश में बड़े स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू करेगी.**

श्री खरगे ने कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी मनरेगा की बहाली के लिए पूरे देश में बड़ा आंदोलन करेगी. कार्य समिति की बैठक में इसको लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ जिसमे इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताते हुए गरीबों के खिलाफ सरकार का फैसला बताया गया है. मनरेगा के खिलाफ समिति में सर्वसम्मति से देशव्यापी आंदोलन 5 जनवरी से करने का निर्णय लिया गया. उनका कहना था कि बैठक में शपथ लेते हुए संकल्प लिया गया कि मनरेगा को लेकर पूरे देश में व्यापक आंदोलन होगा और पार्टी इस कानून को वापस लेने के लिए लड़ती रहेगी.




> उन्होंने कहा कि नीति आयोग तथा कैग सहित सभी रिपोर्ट में मनरेगा की प्रशंसा की गई और इसे गरीबों की हित की बड़ी योजना बताया गया. उनका कहना था कि कोविद के समय भी इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को लेकर बड़ी भूमिका निभाई थी और लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया था. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन भी रुका और गरीबों को उनके गांव में अधिकार के साथ उन्हें रोजगार का अवसर मिला.